# कार्यालयः जिला पंचायत कौशाम्बी

## अल्पकालिक निविदा सूचना

जिला पंचायत कौशाम्बी व पंचायतीराज अनुभाग–2 के शासनादेश संख्याः 1488(1)/33–2–2020 दिनांक 24 जुलाई 2020 द्वारा जिला पंचायत कौशाम्बी व लोक निर्माण विभाग एवं सिंचाई विभाग के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत कौशाम्बी में विभिन्न योजनान्तर्गत निर्माण कार्यो की ई–निविदा प्रपत्र ई–टेण्डर पोर्टल **https://etender.up.nic.in** पर दिनांक 25.05.2026 को अपराह्न 02.00 बजे तक उपलब्ध रहेगा। दिनांक 25.05.2026 को अपराह्न 02.00 बजे तक या उससे पूर्व ई–टेण्डरिंग पोर्टल **https://etender.up.nic.in** पर बिड को अपलोड किया जा सकता है तथा दिनांक 25.5.2026 को अपराहन 2.30 बजे प्राप्त आनलाईन बिड निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी। तकनीकी बिड वैध होने पर वित्तीय बिड खोला जायेगा। निविदा शुल्क जिला पंचायत कौशाम्बी के जिलानिधि खाता संख्या यू0बी0आई0–593202010005924 आई0एफ0एस0 कोड– UBIN0559326 में भुगतान करना होगा। **प्रत्येक कार्य की निविदा के साथ अनिवार्य रूप से पृथक–पृथक 2 प्रतिशत अग्रिम धरोहर धनराशि का टी0डी0आर/एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप में जो कि अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत कौशाम्बी के पक्ष में बन्धक होगा।** जिसकी स्कैन प्रति संलग्न किया जायेगा। निविदा की प्रकिया पूर्ण हो जाने अर्थात निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड्स खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख/निविदा शुल्क/अग्रिम धरोहर धनराशि आदि की मूलप्रति व्यक्तिगत रूप से कार्यालय जिला पंचायत कौशाम्बी को प्रस्तुत किये जायेगे। अन्यथा निविदादाता के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जायेगी तथा उसका पंजीयन निरस्त कर काली सूची में डालने की भी कार्यवाही की जायेगी। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार सक्षम प्राधिकारी में निहित होगा। निविदा की वित्तीय बिड स्वीकृत होने की सूचना मोबाईल पर प्राप्त होते ही एक सप्ताह की अवधि में कार्य के अनुबन्ध निष्पादन हेतु जमानत धनराशि एवं अन्य आवश्यक अभिलेख उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। इसके लिए पृथक से कोई पत्राचार नहीं किया जायेगा। इसका पूर्ण उत्तरदायित्व सफल निविदादाता (L1) का होगा। निर्माण कार्यो का विवरण निम्नवत् हैः–

| क0 सं0 | विकास खण्ड | कार्य का नाम | निविदा की धनराशि (रू0 लाख में) | अग्रिम धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत (रू0में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 18 प्रतिशत सहित (रू0में) | कार्य पूर्ण करने का समय | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कड़ा | ग्राम मोहब्बतपुर जीता में इण्टरलॉकिंग मार्ग से आबादी तक सी0सी0 निर्माण कार्य | 12.99 | 25980.00 | 1533.00 | 03 माह | A,B |
| 2 | सिराथू | ग्राम रामपुर मडूकी में गौतम सेन के घर से गंगा सागर मौर्य के घर की ओर सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 6.78 | 13560.00 | 800.00 | 03 माह | A,B,C,D |
| 3 | नेवादा | ग्राम सभा मखऊपुर में चायल मेन रोड से संतोष यादव के दुकान तक खडंजा कार्य। | 2.19 | 4380.00 | 258.00 | 03 माह | A,B,C,D,E |
| 4 | कौशाम्बी | ग्राम पंचायत म्योहरिया में राम लोटन के घर से राम बहादुर के घर की ओर सी0सी0 रोड एवं भूमिगत नाली निर्माण कार्य। | 14.11 | 28220.00 | 1665.00 | 03 माह | A,B |
| 5 | सरसवॉ | वि0ख0 सरसवॉ में जिला पंचायत द्वारा पूर्व में निर्मित यात्री प्रतिक्षालयो का मरम्मत कार्य। | 1.86 | 3720.00 | 220.00 | 03 माह | A,B,C,D,E |
| 6 | मंझनपुर | वि0ख0 मंझनपुर में जिला पंचायत द्वारा पूर्व में निर्मित यात्री प्रतिक्षालयो का मरम्मत कार्य। | 1.78 | 3560.00 | 210.00 | 03 माह | A,B,C,D,E |
| 7 | कौशाम्बी | वि0ख0 कौशाम्बी में जिला पंचायत द्वारा पूर्व में निर्मित यात्री प्रतिक्षालयो का मरम्मत कार्य। | 1.69 | 3380.00 | 200.00 | 03 माह | A,B,C,D,E |
| 8 | चायल | वि0ख0 चायल में जिला पंचायत द्वारा पूर्व में निर्मित यात्री प्रतिक्षालयो का मरम्मत कार्य। | 1.86 | 3720.00 | 220.00 | 03 माह | A,B,C,D,E |
| 9 | मूरतगंज | वि0ख0 मुरतगंज में जिला पंचायत द्वारा पूर्व में निर्मित यात्री प्रतिक्षालयो का मरम्मत कार्य। | 1.78 | 3560.00 | 210.00 | 03 माह | A,B,C,D,E |
| 10 | नेवादा | वि0ख0 नेवादा में जिला पंचायत द्वारा पूर्व में निर्मित यात्री प्रतिक्षालयो का मरम्मत कार्य। | 1.69 | 3380.00 | 200.00 | 03 माह | A,B,C,D,E |
| 11 | सिराथू | वि0ख0 सिराथूॅ में जिला पंचायत द्वारा पूर्व में निर्मित यात्री प्रतिक्षालयो का मरम्मत कार्य। | 1.86 | 3720.00 | 220.00 | 03 माह | A,B,C,D,E |
| 12 | मंझनपुर | ग्राम एडहरा सल्लाह कल्लू पासी के घर के सामने से राजेन्द्र पासी के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | 12.31 | 24620.00 | 1453.00 | 03 माह | A,B,C |
| 13 | मंझनपुर | ग्राम धनपरा में राजनारायण विश्वकर्मा के घर से अर्का बार्डर तक खड़ंजा निर्माण कार्य। | 18.25 | 36500.00 | 2153.00 | 03 माह | A,B |
| 14 | मंझनपुर | गुवारा तैयबपुर में अमुरा रोड से शेर सिंह के बगीचे होतु हुए बृजेस सिंह के भट्टे तक खड़ंजा कार्य। | 9.32 | 18640.00 | 1100.00 | 03 माह | A,B,C |
| 15 | मंझनपुर | ग्राम अम्बावॉ पूरब भैरब बाबा मन्दिर से जय नारायण जयसवाल के घर के पास ईट के खडंजो तक सी0सी0 निर्माण कार्य। | 10.75 | 21500.00 | 1269.00 | 03 माह | A,B,C |
| 16 | सिराथू | पूरब सेलरहा रोड से धर्गुहा प्रा0वि0 पूरब सेलरहा तक मरम्मत/लेपन कार्य | 13.93 | 27860.00 | 1644.00 | 03 माह | A,B |
| 17 | नेवादा | ककरहाई में जुडी छोटी नहर के पुल से पूर्व की ओर होते हुए सिहोरवां सं0 मार्ग का मरम्मत कार्य। | 6.57 | 13140.00 | 775.00 | 03 माह | A,B,C,D |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 18 | सरसवाँ | जाफरपुर महावा में करारी पं0 शरीरा मार्ग से करबला तक सं0 मार्ग का मरम्मत कार्य। | 16.00 | 32000.00 | 1888.00 | 03 माह | A,B |
| 19 | मंझनपुर | धाता–टेवां मार्ग से प्राथमिक विद्यालय देवरा स0 मार्ग का पैच मरम्मत कार्य। | 3.07 | 6140.00 | 362.00 | 03 माह | A,B,C,D,E |
| 20 | कौशाम्बी | सराय अकिल महिला मार्ग से मुलायमपुर सम्पर्क मार्ग का पैच मरम्मत कार्य। | 4.74 | 9480.00 | 559.00 | 03 माह | A,B,C,D |
| 21 | सिराथू | ग्राम रामपुर धमांवा भटपुरवा में नाली व रिटैनिगंवाल का निर्माण कार्य। | 13.68 | 27360.00 | 1614.00 | 03 माह | A,B |
| 22 | नेवादा | ग्राम सभा तिल्हापुर में पुरा थोक बस्ती को जोडने के लिए सी0सी0 कार्य। | 9.69 | 19380.00 | 1143.00 | 03 माह | A,B,C |
| 23 | सिराथू | रूप नारायनपुर गोरियो में सुन्दर साहू के घर से काली माता स्थान तक खडंजा कार्य। | 12.75 | 25500.00 | 1505.00 | 03 माह | A,B,C |
| 24 | कडा | ग्राम सभा केसरिया जी0टी0 रोड से केसरिया गॉव ट्रांसफार्मर तक संपर्क मार्ग तक खडंजा निर्माण कार्य। | 8.86 | 17720.00 | 1046.00 | 03 माह | A,B,C |
| 25 | सिराथू | ग्राम सोधिया मई मेन रोड से बरीपुर गॉव तक सम्पर्क मार्ग तक खडंजा निर्माण कार्य | 10.14 | 20280.00 | 1197.00 | 03 माह | A,B,C |
| 26 | मूरतगंज | ग्राम पट्टीपरवेजाबाद में मेन रोड से सर कण्डा तक लेपन/सी0सी0 कार्य। | 20.36 | 40720.00 | 2403.00 | 03 माह | A,B |
| 27 | कडा | ग्राम सभा परास जामा मस्जिद रोड अवशेष भाग सी0सी0 निर्माण कार्य। | 8.22 | 16440.00 | 970.00 | 03 माह | A,B,C,D |
| 28 | मूरतगंज | ग्राम सभा मलाक मोहिउद्दीनपुर में सैय्यद सरांवा लिंक मार्ग से रेलवे लाइन की ओर हनुमान मन्दिर के सामने तक लेपन कार्य। | 20.65 | 41300.00 | 2437.00 | 03 माह | A,B |
| 29 | मंझनपुर | ग्राम पंचायत कादिराबाद में यशवन्त के घर से पक्की डामर रोड तक सी0सी0 निर्माण कार्य। | 13.02 | 26040.00 | 1536.00 | 03 माह | A,B |
| 30 | कडा | ग्राम सभा अफजलपुर सातों गाढी मोहल्ले में नाली निर्माण कार्य | 3.31 | 6620.00 | 391.00 | 03 माह | A,B,C,D,E |
| 31 | कडा | ग्राम सभा अफजलपुर सातों के चनरौटी मोहल्ले में नाली निर्माण कार्य | 5.25 | 10500.00 | 619.00 | 03 माह | A,B,C,D |
| 32 | सिराथू | रामपुर धमावा रामरतन का पुरवां में नाली का निर्माण कार्य | 6.12 | 12240.00 | 722.00 | 03 माह | A,B,C,D |
| 33 | सरसवॉ | ग्राम पश्चिम सरावॉ में अजय पासी के घर से तालाब तक नाली निर्माण कार्य। | 5.28 | 10560.00 | 623.00 | 03 माह | A,B,C,D |
| 34 | सरसवॉ | ग्राम पूरब सरावॉ में सुखलाल यादव के घर से तालाब तक नाली निर्माण कार्य। | 9.09 | 18180.00 | 1073.00 | 03 माह | A,B,C |
| 35 | नेवादा | ग्राम सभा बरूलहा में खन्ना महाजन के घर से बरियावॉ नाला तक नाला निर्माण कार्य। | 12.00 | 24000.00 | 1416.00 | 03 माह | A,B,C |
| 36 | नेवादा | ग्राम सभा नसीरपुर में तालाब के पास नाला निर्माण कार्य। | 7.64 | 15280.00 | 902.00 | 03 माह | A,B,C,D |
| 37 | कड़ा | ग्राम सभा कोरिंयो में नया पुरवा मेन से तालाब तक नाली निर्माण कार्य। | 8.31 | 16620.00 | 980.00 | 03 माह | A,B,C,D |
| 38 | कडा | ग्राम बांगवशी में औरेनी जिला पंचायत द्वारा पर्वू निर्मित नाली से नाली निर्माण कार्य। | 21.08 | 42160.00 | 2487.00 | 03 माह | A,B |
| 39 | सिराथू | ग्राम तुलसीपुर में आबादी मेन पुलिया तक नाली निर्माण कार्य | 8.86 | 17720.00 | 1046.00 | 03 माह | A,B,C |
| 40 | सरसवॉ | ग्राम लौगवॉ जिया लाल पासी के घर से जिला पचांयत द्वारा पूर्व निर्मित नाली तक नाली निर्माण कार्य। | 9.82 | 19640.00 | 1159.00 | 03 माह | A,B,C |
| 41 | मझनपुर | ग्राम एडहरा में मुन्ना पाण्डेय के घर के पास से नेवारी तालाब की पुलिया तक नाली निर्माण कार्य। | 5.61 | 11220.00 | 662.00 | 03 माह | A,B,C,D |
| 42 | मंझनपुर | ग्राम हिसामपुर में जवाहर लाल के घर से फूल सिंह के घर तक नाली निर्माण कार्य। | 9.64 | 19280.00 | 1137.00 | 03 माह | A,B,C |
| 43 | मंझनपुर | ग्राम छिमिरक्षा में कुल्लू के घर से मखदूम शाह बाबा की मजार तक नाली निर्माण कार्य | 9.70 | 19400.00 | 1145.00 | 03 माह | A,B,C |

**नोट– निविदादाता को निविदा के साथ वांछित पठनीय अभिलेख स्कैन कर आनलाईन पोर्टल https://etender.up.nic.in पर अपलोड करना अनिवार्य होगा, जिसके आधार पर निविदा का तकनीकी मूल्यांकन किया जायेगा।**

**निविदा की शर्तों/अनुदेश निम्नवत् है–**

1. पंचायतीराज अनुभाग–2 के पत्र संख्याः 1488/33–2–2020 दिनांकः 24 जुलाई 2020 के अधिसूचना संख्या 1425/33–2–2020–80जी–2000 दिनांक 14 जुलाई 2020 के स्तम्भ–2 के अनुसार समस्त जिला पंचायतों में रजिस्ट्रीकृत ठेकेदारों के अतिरिक्त, राज्य सरकार के सिचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग में रजिस्ट्रीकृत ठेकेदार भी जिला पंचायतों के निर्माण कार्यो के आमंत्रित की जाने वाली निविदाओं में भाग लेने हेतु पात्र होंगे।

2. जिला पंचायत अनुश्रवण कोष्ठक के पत्र संख्या 305/33–सेल/2019 दिनांक 26 फरवरी 2019 के द्वारा सभी निर्माण कार्यो की डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड 02 वर्ष का होगा।

3. पंचायतीराज अनुभाग–2 के शासनादेश संख्या 5596बी0/33–2–93–69जी0/93 दिनांक 01 नवम्बर 1993 के द्वारा जिला परिषद के पदाधिकारियों, राजपत्रित अधिकारी, बार काउन्सिलिंग कोई भी पंजीकृत व्यक्ति, सदस्यों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के निकटस्थ सम्बन्धियों द्वारा परिषद् के निर्माण कार्यो/सामग्री आपूर्ति का ठेका तथा अन्य विभिन्न प्रकार की नीलामी में भाग नहीं ले सकते है।

4. प्रमुख सचिव श्रम विभाग के शासनादेश संख्या 746/36–2/2014 दिनांक 07 जून, 2014 के द्वारा कार्य का अनुबन्ध होने के उपरान्त ही श्रम विभाग में प्रत्येक कार्य लगाये गये श्रमिकों का तत्काल श्रम विभाग पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। बिना पंजीकरण कराये कार्य प्रारम्भ कराने पर उसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित ठेकेदार/फर्म की होगी।

5. शासनादेश संख्याः– 1791/33–2–2020–198जी/2018 दिनांक 07 सितम्बर 2020 में जिला पंचायतों में ई–टेण्डरिंग प्रणाली की निविदा प्रकिया में निविदा शुल्क तथा धरोहर धनराशि के सत्यापन के सम्बन्ध में ई–टेण्डरिंग प्रणाली के अन्तर्गत निविदा शुल्क की प्राप्ति और भुगतान इन्टरनेट बैंकिंग/एन0ई0एफ0टी0/आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से किये जाने की व्यवस्था लागू की गयी है और जिससे की असामाजिक तत्वों द्वारा निविदा प्रकिया को प्रभावित न किया जा सके। अतएव इस प्रयोजन से शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि निविदा शुल्क तथा धरोहर धनराशि (ई0एम0डी0) प्रणाली के अन्तर्गत निर्धारित प्रपत्रों के अतिरिक्त मूल अभिलेखों एवं निविदा शुल्क सम्बन्धी ई–बैंकिंग ट्रांसेक्शन नम्बर एवं धरोहर धनराशि सम्बन्धी (ई0एम0डी0)/पे आर्डर/प्रतिभूति प्रमाण पत्र की स्कैन प्रति अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, कौशाम्बी के नाम बन्धक कराकर निविदा के समय अपलोड किया जायेगा तथा निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो जाने अर्थात् निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड्स खोले जाने के उपरान्त सफल निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में प्रस्तुत किये जायेगें। निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड्स खोले जाने के उपरान्त निविदा दाता द्वारा मूल अभिलेख एवं निविदा शुल्क तथा धरोहर धनराशि (ई0एम0डी0) सम्बन्धी पे आर्डर्स/प्रतिभूति प्रमाण पत्र मूल रूप में प्रस्तुत नहीं किये जाने पर निविदादाता के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही कर तथा उसका पंजीयन निरस्त कर काली सूची में डालने की कार्यवाही की जायेगी।

6. प्रत्येक निविदादाता/ठेकेदार को कमशः 1. निविदा शुल्क की पावती रसीद, 2. जमानत/ धरोहर धनराशि की पावती रसीद 3 चरित्र प्रमाण पत्र 4. हैसियत प्रमाण पत्र 5. वर्ष 2026–27 का विभागीय ठेकेदारी पंजीकरण प्रमाण पत्र, 6. अनुभव प्रमाण पत्र उक्त सभी की पृथक–पृथक कार्यवार स्वप्रमाणित प्रतियॉं स्कैन करते हुए निविदा समिट करते हुए अपलोड करना अनिवार्य होगा। शपथ पत्र अंकन रू0 100/– के स्टाम्प पेपर पर मय फोटो नोटरी से प्रमाणित तथा फर्म के नाम एवं प्रोपराइटर/पार्टनर का नाम व कार्य का नाम सहित अपलोड करना होगा। जिसका प्रारूप शर्तो के साथ में संलग्न है।

7. उक्त इंगित किये गये अभिलेखों/प्रपत्रों के अतिरिक्त अभिलेखों/प्रपत्रों को संलग्न न करें। उन पर विचार नहीं किया जायेगा।

8. जिस श्रेणी का कार्य है उसी श्रेणी अथवा उच्च श्रेणी के ठेकेदार प्रतिभाग कर सकते है अन्य की दशा में निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

9. निविदादाताओं द्वारा कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा (श्रेणी डी0 व श्रेणी ई0 को छोडकर)।

10. फाइनेंशियल बिड में बिल ऑफ क्वांटिटी होगी। बिल ऑफ क्वांटिटी की दर प्रतिशत में अंकित करना अनिवार्य होगा।

11. अग्रिम धरोहर धनराशि निविदा खुलने के दिनांक से 45 दिन आगे के दिवस तक वैध होना चाहिए।

12. हैसियत प्रमाण पत्र एवं चरित्र प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

13. अपराधिक रिकार्ड वाले निविदादाता का निविदा में प्रतिभाग करना प्रतिबन्धित है।

14. उ0प्र0 लोक निर्माण एवं सिंचाई विभाग में पंजीकृत ठेकेदार का किसी विशिष्ट कार्य मे टेण्डर दर न्यूनतम होने की दशा में वित्तीय विड स्वीकृति दिनांक से सात दिवस की अवधि में जिला पंचायत की शर्तो के अधीन ठेकेदार से जिला पंचायत में रजिस्ट्रीकरण के प्रयोजनार्थ अपेक्षित रजिस्ट्रीकरण शुल्क रू0 10000.00, ठेकेदारी लाइसेंस फीस एवं सी0पी0टैक्स डिमाण्ड ड्राफ्ट/ई–बैंकिंग के माध्यम से जमा कराया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, कौशाम्बी के पक्ष में देय होगा। ई–बैंकिंग हेतु जिला पंचायत के जिलानिधि खाता संख्या यू0बी0आई0–**593202010005924**, आई0एफ0एस0 कोड–**UBIN0559326** का प्रयोग किया जायेगा। ठेकेदारी हेतु लाइसेंस फीस रू0 5000.00 सी0पी0 टैक्स की धनराशि रू0 6000.00 है।

15. निविदा स्वीकृत हो जाने के उपरान्त अनुबन्ध के समय 08 प्रतिशत की धनराशि प्रपत्र संख्या–5/ एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0 एवं एन0एस0सी0 जो बन्धक अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत कौशाम्बी के पद नाम से अनिवार्य होगी। शासनादेश 622/33–12–2012–2 आडिट/08 दिनांक 08.06.2012 के अनुसार प्राक्कलन दर से 10 प्रतिशत बिलों तक 0.50 प्रतिशत प्रति 01 प्रतिशत कम दर पर तथा 10 प्रतिशत से अधिक बिलों पर 01 प्रतिशत प्रति 01 प्रतिशत कम दर पर सिक्योरिटी/परफारमेन्स गारण्टी ली जायेगी। जो कि 10 प्रतिशत जमानत से अतिरिक्त होगी। निर्माण कार्यो में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता संतोषजनक पाये जाने पर भुगतान की कार्यवाही की जायेगी।

16. निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण न करने की दशा में बिलम्ब शुल्क प्रभावी होगा एवं अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।

17. निविदा मूल्य किसी भी अपरिहार्य/निविदा निरस्त की स्थिति में वापस नहीं किया जायेगा।

18. शासन द्वारा समय–समय पर जारी शासनादेशों/निर्देशों/मा0 न्यायालयों के आदेशों का अनुपालन अनिवार्य सुनिश्चित करना होगा।

19. शासन द्वारा कोविड–19 के शासनादेशों का पालन करना अनिवार्य होगा अन्यथा कि स्थिति मे ठेकेदार स्वय जिम्मेदार होंगे।

20. निम्नलिखित कार्यो में यदि किसी निविदा पर समान दर प्राप्त होती है तो पुनः निविदा आमंत्रित किये जाने की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी, जिसका पृथक से निविदा शुल्क देना होगा।

21. निविदादाता द्वारा निविदा की वित्तीय बिड खुलने तक दिया गया, किसी भी प्रकार का प्रार्थना पत्र मान्य नही होगा।

22. ऑनलाइन निविदा स्वीकृत होने पर पोर्टल द्वारा निविदा स्वीकृत सम्बन्धी सूचना ई–टेण्डर पोर्टल पर ठेकेदार को पंजीकृत मोबाइल एवं ई–मेल पर स्वतः प्रेषित हो जाने के उपरान्त ठेकेदार को यथाशीघ्र कार्यालय में सम्पर्क करना अनिवार्य होगा।

23. निविदा के सम्बन्ध मे शर्ते एवं नियमों की जानकारी किसी भी कार्यदिवस मे जिला पंचायत कौशाम्बी के ई–टेण्डर पोर्टल **https://etender.up.nic.in** से प्राप्त किया जा सकता हैं।

24. पंजीकरण आदेश में निर्धारित शर्तो का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

25. लेपन प्रकृति के कार्यो में कार्य की निविदा धनराशि इमलसन/बिटुमिन की लागत सहित है। बिटुमिन की लागत को सम्मिलित करते हुए अनुबन्धित ठेकेदार के देयक के भुगतान के समय देयक धनराशि से शिडयूल सी में अंकित बिटुमिन/इमलशन की दर के अनुसार कटौती की जायेगी तथा बिटुमिन एवं इमलसन की आपूर्ति विभागीय की जायेगी।

| | | |
|---|---|---|
| अभियन्ता<br>जिला पंचायत कौशाम्बी | अपर मुख्य अधिकारी<br>जिला पंचायत कौशाम्बी | अध्यक्ष<br>जिला पंचायत कौशाम्बी |

# कार्यालय जिला पंचायत कौशाम्बी।

पत्रांक– 5615 / निविदा–जि0पं0कौ0 / 2026–27 दिनांकः– 14/08/2026

**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. जिलाधिकारी महोदय कौशाम्बी।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, कौशाम्बी।
3. अभियन्ता/वित्तीय परामर्शदाता जिला पंचायत कौशाम्बी को इस आशय के साथ प्रेषित कि ई निविदा खोले जाने वाली उक्त तिथि में उपस्थित होने हेतु ।
4. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, कौशाम्बी को इस अनुरोध के साथ कि निविदा सूचना की प्रति जनपद की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
5. कम्प्यूटर आपरेटर, जिला पंचायत कौशाम्बी को कार्यालय जिला पंचायत कौशाम्बी की वेबसाइट तथा ई–टेण्डरिंग वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
6. नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत कौशाम्बी।

# शपथ– पत्र

| |
|---|
| नोटरी से प्रमाणित नवीनतम फोटो चस्पा किया जाये। |

समक्षः– श्रीमान् अपर मुख्य अधिकारी,

जिला पंचायत, कौशाम्बी।

मैं (फर्म का नाम लिखें).......................................................शपथकर्ता श्री.......................................................................

पुत्र श्री ......................................निवासी......................... ............................................................का निवासी हूँ मैं शपथपूर्वक निम्न घोषणा करती हूँ/करता हूँः–

1. मैं जिला पंचायत/लोक निर्माण विभाग/सिंचाई विभाग का पंजीकृत ठेकेदार हूँ। मैं आपके विभाग के कार्यो को पूर्ण करने में सक्षम हूँ। मुझे कार्यो का पर्याप्त अनुभव है।
2. जिला पंचायत, कौशाम्बी द्वारा जो (कार्य का नाम लिख जाये)................................................................ .......................कराने की ई–निविदा/निविदा आमंत्रित की गयी है उसके लिए मैं ई–टेण्डर पोर्टल **https://Etender.up.nic.in** पर निविदा सबमिट कर रही हूँ/रहा हूँ।
3. मेरे द्वारा दिये जा रहे प्रमाण पत्रः– निविदा शुल्क की पावती रसीद/धरोहर राशि की पावती रसीद/हैसियत/चरित्र प्रमाण पत्र/विभागीय ठेकेदारी पंजीकरण प्रमाण पत्र (वर्ष .................) ऑनलाइन/ऑफलाइन सबमिट कर दिये गये है।
4. मेरा पैन नम्बर.......................................जी0एस0टी0 नम्बर.............................................
5. मेरे विरूद्ध अपराधिक मुकदमों का विवरण निम्न प्रकार हैः–यहाँ पूरा विवरण दिया जाये
   1. मुकदमा नम्बर :
   2. धारायें :
   3. थाना :
   4. जनपद :
   5. न्यायालय (जहाँ मुकदमा चल रहा है) :
6. मैं जिला पंचायत अथवा राज्य सरकार के अन्य विभागों द्वारा ब्लैक लिस्टेट ठेकेदार की श्रेणी में नहीं आता हूँ। मैं अपराधिक गतिविधियों, माफिया तथा गैंगस्टर गतिविधियों और संगठित अपराध करने की गतिविधियों और असामाजिक कार्यो आदि में लिप्त नहीं हूँ। मैं माफिया और अपराधी नहीं हूँ। मेरा चाल–चलन, कार्य तथा आचरण उत्तम है।
7. मेरे विरूद्ध जनपद में तथा प्रदेश में कोई भी मुकदमा दर्ज नहीं है।
8. यदि ठेका प्राप्त करने के पश्चात् मेरे विरूद्ध माफिया गतिविधियें/असामाजिक गतिविधियों एवं संगठित अपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने के वारे में कोई शिकायत प्रमाणित पायी जाती है तो सक्षम अधिकारी को यह अधिकार होगा कि वह मेरा ठेका/अनुबन्ध निरस्त कर दें। इस पर मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी। मेरे द्वारा यदि विभाग/राज्य सरकार के विरूद्ध कोई अपराधिक कृत्य

किया जाता है अथवा सरकारी धन का गबन किया जाता है तो सक्षम अधिकारी को यह अधिकार होगा कि वह मेरे खिलाफ अपराधिक मुकदमा नियमों के अन्तर्गत दर्ज करायेंगे।

9. मैं अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार समय से पूरी गुणवत्ता के साथ तथा निर्धारित विशिष्टियों के अनुरूप कार्य पूरा करूंगी/करूँगा और विभाग को पूरा सहयोग प्रदान करूगी/करूगा।

10. मेरा कार्य एवं आचरण उत्तम है।

11. मैं शतथपूर्वक घोषणा करता हूँ कि मेरा स्थाई पता और अस्थाई पता निम्न प्रकार है:–

(अ) स्थायी पता (दूरभाष सहित) ..............................................................................................

(ब) अस्थायी पता (दूरभाष सहित) ..............................................................................................

(यहाँ पूरा पता दूरभाष सहित एवं पिनकोड लिखा जाय)

12. मैं शपथपूर्वक घोषणा करती हूँ/करता हूँ कि मैं उपरोक्त पते पर रहती हूँ/रहता हूँ तथा विभाग द्वारा प्रदान किये गये कार्य को पूरा होने तक मेरे किसी पते में सामान्यतः कोई परिवर्तन नहीं होग। यदि अपरिहार्य परिस्थितियों में किसी पते में परिवर्तन होता है तो सूचना मैं तत्काल अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत कौशाम्बी और जिला मजिस्ट्रेट/कलेक्टर को दूँगी/दूँगा।

13. मैं यह घोषणा करता हूँ कि जिला पंचायत, कौशाम्बी के जिस कार्य के लिए मेरे द्वारा न्यूनतम होने के दशा में ठेका जायेगा उसके सापेक्ष चल एवं अचल सम्पत्ति का हैसियत प्रमाण–पत्र जिला मजिस्ट्रेट/कलेक्ट्रेट जनपद.....................................द्वारा प्राप्त की छायाप्रति संलग्न की जायेगी।

14. मैं अपनी पूर्ण जानकारी में पूरे होशो–हवाश में, स्वस्थचित्त से, पूरी सत्यनिष्ठा से तथा स्वेच्छा से यह शपथ पत्र लिखकर दे रहीं हूँ/रहा हूँ। ईश्वर/अल्हाह मेरे मदद करे।

दिनांक.......................................

शपथी का पूरा हस्ताक्षर
पूरा नाम..................................................
पता........................................................

नोटः– 1. यह स्वघोषणा शपथ– पत्र रू0 100/–(रू0 एक सौ) के भारतीय गैर न्यायिक स्टाम्प पेपर नोटरी द्वारा साक्ष्यों की उपस्थिति में सत्यापित कराते हुए दिया जायेगा।

2. असत्य शपथ–पत्र देना एक संगीन और अज्ञेय अपराध है।

3. सम्बन्धित व्यक्ति द्वारा पासपोर्ट साइज का अपना फोटोग्राफ, जो शपथ पत्र के ऊपर निर्धारित स्थान पर चस्पा करते हुए नोटरी से प्रमाणित करना होगा।

Signature Not Verified
Digitally signed by KAMLESH SINGH
Date: 2026.05.14 14:45:35 IST
Location: Uttar Pradesh-UP